सार-समाचार

## पवन कस्वां अतिरिक्त निदेशक बने

चूरू, (कासं)। गांव ढाढर के मूल निवासी, राजस्थान लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पवन कस्वां को अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षक विभाग, रेंज कार्यालय बीकानेर के पद पर लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि पवन कस्वां इससे पूर्व मेडिकल कॉलेज राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर के मुख्य लेखाधिकारी पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सोमवार को बीकानेर रेंज कार्यालय में सोमवार को कार्य ग्रहण किया। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। राजस्थान में अधिकारी वर्ग के हाल ही में हुए स्थानान्तरण के क्रम में वित्त (राजस्व) विभाग जयपुर के संयुक्त शासन सचिव नीलेश शर्मा ने राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारियों के स्थानान्तरण एवं पदस्थापन की सूची जारी की है। पवन कस्वां की अतिरिक्त निदेशक पद पर नियुक्ति होने से चूरू में मिठाई बांटकर उनके शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार किया।

## दिव्यांग कल्याण शिविर 28 फरवरी को

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के पंचायत समिति 28 फरवरी बुधवार को दिव्यांग कल्याण शिविर लगाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चूरू के उपनिदेशक अरविन्द कुमार ओला ने बताया कि दिव्यांगों का पंजीकरण बढ़ाने, दिव्यांगों का डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड जारी कर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए बुधवार को सुबह 10 बजे शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज जनआधार कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, अस्पताल द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र, ब्लड ग्रूप प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

## स्वच्छ भारत मिशन कार्यशाला

**सीकर,** (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया की नगर परिषद डूंगरपुर की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वच्छता के संबंध में अनुकरणीय कार्य किया गया है तथा डूंगरपुर शहर राजस्थान का पहला खुले में शौच मुक्त ओडीएफ भी घोषित हुआ है एवं नगर परिषद डूंगरपुर को इस उत्कृष्ट कार्य के लिये राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। सीकर जिले के गांवो को भी डूंगरपुर की तर्ज पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का प्रभावी कियान्वयन करने एवं इस संबंध में डूंगरपुर में अपनाई गयी प्रकिया पद्धति का अनुसरण करने के लिए के.के. गुप्ता पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर द्वारा 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार सीकर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

## सिटी यूनियन बैंक की 799वीं शाखा शुरू

**सीकर,** (निसं)। सिटी यूनियन बैंक शाखा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। नगर परिषद के सामने बैंक की शाखा का शुभारंभ बैंक के एजीएम वी गणेशम व मुख्य अतिथि रामावतार सैनी ने किया। बैंक मैनेजर नरेंद्र पुरोहित ने बताया कि बैंक की यह 799वीं शाखा है। बैंक में सभी तरह के लेन.देन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान बैंक के एमडी व सीईओ डॉ. एन कामाकोटी, फनेंद्र कुमार, आनंद, महावीर व्यास, अरविंद कुमार शर्मा, मोहित सक्सेना, प्रकाश शर्मा, सीए अक्षय माथुरए महेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## मेले के सम्बन्ध में बैठक होगी

**सीकर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि खाटूश्यामजी मेला के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे कार्यालय मेला मजिस्ट्रे, खाटूश्यामजी में आयोजित की जायेगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट सहित पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर सीकर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में 27 फरवरी मंगलवार को सायं चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की जायेगी।

# दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे धरने के समर्थन में ट्रैक्टर रैली निकाली

- चूरू जिला कलेक्ट्रेट के आगे संयुक्त किसान मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन कर विश्व व्यापार संगठन का पुतला जलाया

**चूरू,** (कासं)। दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट के चारों ओर ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और विश्व व्यापार संगठन का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चा चूरू के सदस्य रामरतन सिहाग ने बताया कि विश्व व्यापार संगठन भारत में खाद्य सुरक्षा व एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के खिलाफ है, अतः भारत सरकार एमएसपी को लागू नहीं कर रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत सरकार को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता समाप्त करने के लिए दवाब बनाया है। भारत सरकार को अतिशीघ्र एमएसपी पर कानून बनाने व स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की। किसान सभा के अध्यक्ष इन्द्राजसिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार को मृतक किसान शुभकरण सिंह को मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन चूरू के तहसील अध्यक्ष तेजकरण दहिया ने बताया कि मांगें नहीं मानने पर आन्दोलन को और तेज किया जायेगा।

किसानों के इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के धर्मेन्द्र भाम्बू, हरिराम सिहाग, राजेन्द्र बलारा, सुभाष खिचड़, हरचन्दराम, डेडराज, शिशपाल मेघवाल, किसान सभा के तहसील अध्यक्ष बेगराज मील, दीपाराम, रावतराम, कुम्भाराम, आयूष खिचड़ व पवन मेघवाल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## गढ़वाल परिवार का सम्मान

**चिड़ावा,** (निसं)। राजस्थान जाट समाज संस्थान जयपुर में ग्रामीण महिला शिक्षण प्रशिक्षण आवास के भूमि पूजन व शिलान्यास तथा भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुलताना के बूंटीराम गढ़वाल व उनके परिवार को समाज के भामाशाह के रूप में सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व डॉ प्रेमचंद बैरवा, स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा व कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने प्रदान किया। यह सम्मान बूंटीराम गढ़वाल, अभिषेक गढ़वाल, भाजपा नेत्री डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल को संस्थान में तीन कमरों का निर्माण करवाने पर तथा मिताली गढ़वाल व राघव गढ़वाल को समाज के फाउंडर मेंबर के रूप में दिया गया। इस अवसर पर गढ़वाल परिवार की ओर से समाज को 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

# ‘अग्रसेन नगर फाटक पर ओवरब्रिज की बड़ी सौगात’

**चूरू,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सम्पूर्ण देश के विभिन्न राज्यों में 41 हजार करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास व उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अमृत भारत स्टेशन योजनान्तर्गत 554 रेल्वे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया।

सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय पर अग्रसेन नगर रेलवे फाटक के पास जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, बनवारी लाल, ओम सारस्वत, दौलत तंवर, नरेन्द्र काछवाल, सुशीला सुण्डा, स्टेशन अधीक्षक एसके माथुर, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, एक्सईएन गोपाल लाल पंडार सहित अतिथि मंचस्थ रहे।

सांसद कस्वां ने कहा कि बीते 10 सालों में इन्फ्रास्टक्चर के विकास पर बेहतरीन काम हुआ है। 3500 करोड़ रुपए से अधिक के काम सिर्फ रेल्वे में हुए हैं। जिले के सुजानगढ़, सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़ व गोगामेड़ी सहित पांच स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजनान्तर्गत अत्याधुनिक रेल्वे स्टेशन के रूप में पुनर्विकास किया जा रहा है। चूरू लोकसभा उन्नत तरीके से आगे बढ़े, इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्रसेन नगर फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास होकर क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ी सौगात मिली है।

# गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**सादुलपुर,** (निसं)। ग्राम भोजाण के शिव मंदिर बाबा रामगिरि जी मठ के सामने गोचर भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने जिला कलेक्टर के नाम सोमवार को एसडीएम राजगढ चन्द्र प्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना के नवीन सिंह के नेतृत्व में विक्रम, प्रीतम, बलजीत, दीपक, वीरेंद्र, अंकित, केशव, राहुल, युवराज, आशीष, प्रमोद राठौड, लोकेन्द्र राठौड, पवन राठौड, सोनू, अजीज, राजू व सुनील आदि ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गांव भोजाण तहसील राजगढ जिला चूरू के शिव मंदिर बाबा रामगिरी जी मठ के सामने कन्या विद्यालय, मोक्ष भूमि बांगडवा गांव के रास्ते के सामने गोचर भूमि पर गांव के ही संजय पुत्र जयचंद पूनिया द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है, जो कि अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि उक्त अतिक्रमण बाबत 11 जनवरी से 20 जनवरी 2022 तक गांव भोजाण में आंदोलन किया गया था तथा पूर्व में भी 21 फरवरी 2024 को तहसीलदार राजगढ को ज्ञापन दिया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## अमीलाल यादव ने पदभार संभाला

बीदासर, (निस)। उपखण्ड अधिकारी अनिता धेतरवाल का स्थानान्तरण होने के बाद उनके स्थान पर सोमवार को बीदासर उपखण्ड अधिकारी का पदभार अमीलाल यादव ने ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर तहसीलदार मुकेश सिहाग, अधिशाषी अधिकारी सोहनलाल नायक सहित अनेक विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों ने एसडीएम यादव का स्वागत एवं अभिवादन किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव ने सभी विभागाधिकारियों से समीक्षा कर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित इंद्रमणी पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, वासुदेव चावला, नगरपरिषद् आयुक्त अभिलाषा सिंह, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, नरेन्द्र कंवल, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, मदन गोपाल बालाण, राजेश माटोलिया सहित मंचस्थ रहे।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह संकल्प यात्रा देश को विकसित बनाने की संकल्प यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लोकहित के कार्यों से विकसित राष्ट्र की परिकल्पना साकार होगी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य वंचित व पात्र लाभार्थियों तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में शिविरों के आयोजन से समाज के बहुत बड़े वर्ग को लाभान्वित किया है। प्रदेश सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने के लक्ष्य के साथ हर क्षेत्र के उत्कृष्ट विकास के लिए संकल्पित है।

वासुदेव चावला ने कहा कि केन्द्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल योजनाओं का समुचित लाभ उठाएं तथा अपने परिवेश के लोगों को भी प्रेरित करें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने शिविर में शामिल योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा विमला गढ़वाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विधायक सहारण सहित अतिथियों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को लाइसेंस प्रदान किए तथा बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

# यमुना नहर के मुद्दे को लेकर सांकेतिक धरना दिया

**चिड़ावा,** (निसं)। यमुना जल महासंघर्ष समिति के बैनर तले यमुना नहर के मुद्दे को लेकर सोमवार को उपखंड कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता विजयलक्ष्मी पचेरी ने की।

धरने के दौरान बजरंगलाल बराला, महीपाल पूनियां, विजेंद्र शास्त्री सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि नहर हमारा हक है और हक को लेकर अब लड़ाई जारी रहेगी। सभी ने नहर के लिए 1994 में बनाई गई पुरानी डीपीआर को लागू करने की मांग की। धरनार्थियों ने उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता को ज्ञापन भी सौंपा। संचालन किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र चाहर ने किया।

इस दौरान मदन सिंह यादव, गिरधारीलाल महला, सुभाष हमीनपुर, सुबेसिंह हमीनपुर, नरेश, सुरेश महला, सुमेर बुडानिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता को नहर के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि नहर के लिए डीपीआर पहले ही बनाई जा चुकी थी, फिर नई डीपीआर बनाने की कहां जरूरत थी। जरूरत तो पहले बनी डीपीआर को लागू करने की है। उन्होंने कहा कि पुरानी डीपीआर के अनुसार ही शेखावाटी क्षेत्र को नहर का पानी मिलना चाहिए। नहर के लिए आंदोलन जारी रखा जाएगा। वहीं में संयुक्त किसान मोर्चा के आ ान पर विश्व व्यापार संगठन के खिलाफ ट्रैक्टर रैली निकाली गई।

## विद्युत सप्लाई बंद रहेगी


**रतनगढ़,**(निसं)। नगर के अनेक क्षेत्रों में मंगलवार को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता (विद्युत विभाग) ने बताया कि जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रतनगढ़ द्वारा जर्जर पोल को बदलने के लिए 132 केवी जीएसएस से संचालित 11 केवी वाटर वर्क्स फीडर की सप्लाई प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक बन्द रहेगी। अगुणा बाजार, अशोक स्तम्भ, खाड़िया बास, मावलिया का बास, गणेश मन्दिर, प्रजापति भवन बस स्टेण्ड, बाल गोगा मेड़ी क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी।

# निजी विद्यालय संचालकों में आक्रोश

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा क्षेत्र के निजी शिक्षण संस्थान संचालकों ने प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक के निजी स्कूलों के नियमित निरीक्षण के आदेश का विरोध जताया है।

निजी स्कूल शिक्षण संस्थानों के संचालकों ने शिक्षा निदेशक के आदेश से असहमति जताते हुए निजी शिक्षण संस्थान संघ के बैनर तले चिड़ावा एसडीएम बृजेश कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर प्रारम्भिक शिक्षा के अधिकारियों पर जांच के नाम पर स्कूल संचालकों को परेशान नहीं करने की मांग की है।

एसडीएम को दिए ज्ञापन में निजी शिक्षण संस्थान संघ द्वारा कहा गया है कि प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक का यह आदेश मनमाना है और इससे प्रारंभिक शिक्षा के अधिकारियों को 100 दिन की कार्य योजना के नाम पर भ्रष्टाचार करने की छूट मिल गई है। संघ ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के नियमित जांच के आदेश पर आपत्ति जताई।


Benefits, you'll fall in love with.

| | Cash benefits up to* | Exchange | Pride of India / Corporate | Total benefits up to* |
|---|---|---|---|---|
| Grand i10 NIOS | ₹35 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹48 000 |
| AURA | ₹20 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹33 000 |
| VENUE | ₹20 000 | ₹10 000 | - | ₹30 000 |
| i20 | ₹15 000 | ₹10 000 | - | ₹25 000 |

Hyundai Cl!ck to Buy Scan here
3 YEAR 1 00 000km** Warranty Coverage
UPTO 7 YEARS Extended Warranty^
3 YEARS Road Side Assistance (RSA)
UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package
UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package

HYUNDAI

JAIPUR
Crossland Hyundai 8824006188
Crossland Hyundai 9529036000
P.L. Hyundai 9950182500, 9251635933
Arora Hyundai 7688919191, 8239100048
Hindustan Hyundai 8387888818, 8696531531
Ardor Hyundai 7849905550, 7849905551
Roshan Hyundai 8696892222
Roshan Hyundai 8696894444

ALWAR/LAXMANGARH/RAMGARH
Modern Hyundai 8058795808, 7374007581, 7374007583

AJMER/KEKRI
Ajmer Hyundai 8003597762, 7230959771

AJMER/BEAWAR
Shivam Hyundai 9116660022, 9116660044

BHARATPUR/DHOLPUR
Shri Shakun Hyundai 8094338000, 7413048000

BHILWARA/GULABPURA/SHAHPURA
Sandeep Hyundai 9414014431, 8875006894

BHIWADI/NEEMRANA/BEHROR
JMV Hyundai 8875144444, 8696906954, 8696906934

BIKANER
Sunehri Hyundai 8000287395, 8000285461

CHITTORGARH
Chittor Hyundai 9414034451, 6377210467

CHURU/RATANGARH/SARDARSHAHAR/RAJGARH
Shri Ganga Hyundai 8094010030, 9929758918, 8094010666

DAUSA
Arun Hyundai 7742141419

GANGANAGAR/HANUMANGARH/SURATGARH
Paras Hyundai 9887526525, 9672988525, 9983261525

JHUNJHUNU/CHIRAWA/SUJANGARH
Marudhara Hyundai 8875753333, 8875752222, 9001062222

JODHPUR/BARMER/JALORE/BHINMAL
Deora Hyundai 9649291291, 9001094554, 9116609208

JODHPUR/BALOTRA/BILARA/JAISELMER
Raja Hyundai 9950560560

JODHPUR
Deora Hyundai 9001094539

JODHPUR
JRD Hyundai 9610062225

NAGOUR
Shri Krishna Hyundai 9983518111, 8003492511

PALI/SUMERPUR
Deora Hyundai 7340022211, 9001994557

RAJSAMAND/PRATAPGARH
Badola Hyundai 8696939305, 9773303319

SIKAR/NEEM KA THANA
Shri Ganga Hyundai 9587030024, 9587030055

SAWAIMADHOPUR/GANGAPUR/HINDAUN
Shree Kripa Hyundai 9587894715, 7230067022, 9672094819

TONK
Aditi Hyundai 7849880852

UDAIPUR / DUNGARPUR/BANSWARA
Royale Hyundai 9782985551, 7230043333, 9782112525

UDAIPUR/SAGWARA
RAMJI Hyundai 9001892222/9116677842

UDAIPUR/SIROHI
Badola Hyundai 8279092009

my Hyundai app
Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car
To know more, give a missed call on 9555145126

*Terms & Conditions apply. Benefits include cash discount, exchange bonus and benefits for government or corporate employees, whichever is applicable. Benefits may vary with variants and are subject to change without prior notice. **3-year warranty or upto 1 00 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N line. 3-year unlimited km warranty is applicable for VENUE, VENUE N Line, CRETA, ALCAZAR, TUCSON, VERNA, KONA Electric and IONIQ 5. ^Upto 7 years extended warranty is applicable only for petrol variants. Source: Cardekho.com. HMIL reserves the right to withdraw/modify the scheme without prior notice. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads. **Scheme Applicable on MY2023 Cars.**